

# 3 गिनो दस में

## आओ सजाएं अपना स्कूल

छुटकी के स्कूल में आज बाल मेला लगा है। स्कूल में सब बच्चे कक्षाएं सजाने में लगे हैं। छुटकी को माला बनाने में मजा आता है। वह और उसकी सहेलियां कक्षा सजाने के लिए फूलों की मालाएं बनाने लगीं। वे दस-दस फूलों की एक माला बनाती हैं।




अगर तुम्हारे पास 21 फूल हों तो दस-दस फूलों की कितनी मालाएं बनाओगे ? नीचे बनाकर दिखाओ।




कक्षा में बच्चों के दो समूह बनवाएं, पहला समूह फूलों की संख्या बोलेगा और श्यामपट्ट पर लिखेगा। दूसरा समूह उससे बनने वाली मालाओं और खुले फूलों की संख्या बताएगा। इसी प्रकार दूसरा समूह माला और खुले फूलों की संख्या बोलेगा जैसे 3 मालाएं व दो खुले फूल। पहला समूह कुल फूलों की संख्या बताएगा व लिखेगा। यह गतिविधि छोटे-छोटे समूहों में भी करने दें।

## बोलो भाई कितने


छुटकी के पिता जंगल से लकड़ियां इकट्ठी करते हैं और उन्हें बाजार में बेचते हैं।

वह 10 लकड़ियों का एक गट्ठर बनाते थे।







3 गट्ठर में .................. लकड़ियां हैं।



- अब ये कितनी लकड़ियां हैं?

  ............................






4 गट्ठर का मतलब है ..............................................लकड़ियां

5 गट्ठर का मतलब है ..............................................लकड़ियां

क्या इस चित्र से और गट्ठर बन सकते हैं?

अब कितने गट्ठर होंगे?...............................

कुल लकड़ियां.............................................






इस क्रियाकलाप को करवाने से पहले, बच्चों द्वारा विभिन्न वस्तुओं जैसे-तीलियों, बीज आदि के माध्यम से 10-10 के समूह बनवाएं। संख्याओं के नाम और उनके लिखित रूप के साथ इन वस्तुओं का संबंध समझने में बच्चों की मदद करें।

## कड़ा फेंक खेल




**छुटकी और चिंटु कड़ा फेंकने का खेल, खेल रहे हैं। छुटकी ने कड़ा बिंदियों पर फेंका।**





हर बड़ी लाल बिंदी 10 अंकों के बराबर है। हर छोटी हरी बिंदी 1 अंक के बराबर है।

कड़े या रिंग के अंदर के आने वाली बिंदियां हैं

| **बिंदिया** |  |  |
|---|---|---|
| अंक | 40 | 4 |

इसलिए छुटकी को 44 अंक मिले। वे दोनो दो–दो बार कड़ा फेंकते हैं। ये रही उनकी बिंदियां, बताओ उन्हें कितने–कितने अंक मिले?

जिसके ज्यादा अंक आएंगे वही जीतेगा।


| **बारी** | **छुटकी की बिन्दियां** | **छुटकी के अंक** | **चिंटु की बिन्दियां** | **चिंटु के अंक** | **कौन जीता** |
|---|---|---|---|---|---|
| **पहली** |  | 44 |  | | |
| **दूसरी** |  | |  | | |



इस खेल को फर्श या बड़े चार्ट पर बिंदियां बना कर भी खेल सकते हैं।


## दुकान में कितनी चीजें


दुकानों पर कुछ चीजें लटकी हैं। ये कितनी –कितनी हैं ? सही संख्या पर गोला लगाओ।















छुटकी ने सांप पर गिनती लिखी ऐसे, जहां गलत लिखा है वहां ठीक करो।




### छुटकी का सवाल

बिन्नी की माँ की शॉल का एक कोना चुहे ने कुतर दिया है। कौन-सा टुकड़ा उसी पैटर्न का है- चित्र देखकर इसे पहचानने में बिन्नी की मदद करो।



## मिलकर करें सफाई



आज हमें अपने स्कूल की सफाई करनी है। हम टीम बनाएँगे। हर टीम में 10 बच्चे होंगे।

- हर कक्षा में कितनी टीमें होंगी? कितने बच्चे किसी भी टीम में नहीं होंगे? यहाँ लिखो।

हमारी टीम सबसे अच्छी सफाई करेगी। चलो-चलो! घिसो-मलो!



| कक्षा में बच्चों की संख्या | कितनी टीमें? | बचे हुए बच्चे |
|---|---|---|
| कक्षा 1- 20 | | |
| कक्षा 2- 23 | | |
| कक्षा 3- 26 | | |
| कक्षा 4- 45 | | |
| कक्षा 5- 35 | | |

- कुल कितने बच्चे किसी टीम में नही होंगे? ..........................................
- इन बच्चों से कितनी टीमें और बन सकती हैं? ....................................

अब अपने स्कूल में भी दस-दस की टीमें बनाओ और तालिका भी बनाओ।

**संख्याएं लिखते जाओ, सबकी भूख मिटाओ।**

सीढ़ीयों पर छूटी संख्याएं लिखते हुए सभी जानवरों को उनकी खाने की चीज तक पहुंचाओ।



# कम या ज्यादा, लगाओ अंदाजा

**सही उत्तर में गोला लगाओ-**

तुम्हारे मुँह में दांतों की संख्या



20 से अधिक

20 से कम

एक संतरे में बीजों की संख्या



50 से अधिक

50 से कम

माचिस की डिब्बी में तीलियों की संख्या



30 से अधिक

30 से कम

तुम्हारी कक्षा में पेंसिलों की संख्या



40 से अधिक

40 से कम

साइकिल के पहिए में तीलियों की संख्या



20 से अधिक

20 से कम